भारत पर इंग्लैंड की आसान जीत

नागपुर, 9 अप्रैल (भाषा)।

बल्लेबाजों की नाकामी के कारण भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सोमवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 ओवर शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम की केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंच पाई जिनमें बेहतरीन फार्म में चल रही स्मृति मंदाना के 42 और आलराउंडर दीप्ति शर्मा के नाबाद 26 रन शामिल हैं। बाएं हाथ की युवा स्पिनर सोफी एक्लेसटोन (14 रन देकर चार विकेट) और अनुभवी आफ स्पिनर डेनिली हेजल (32 रन देकर चार विकेट) के सामने बाकी भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाई और पूरी टीम 37.2 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई।

इंग्लैंड ने केवल 29 ओवर में दो विकेट पर 117 रन बनाकर तीन मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर कराई। भारत ने पहला मैच एक विकेट से जीता था। अब 12 अप्रैल को इसी मैदान पर होने वाला तीसरा मैच निर्णायक होगा। डेनिल वाइट (47) और टैमी ब्यूमोंट (39) ने पहले विकेट के लिए 73 रन जोड़कर इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। एकता बिष्ट (44 रन देकर दो विकेट) ने अपने लगातार ओवरों में वाइट और एमी जोन्स (शून्य) को पवेलियन भेजा लेकिन इससे कोई असर नहीं पड़ा। ब्यूमोंट ने कप्तान हीथर नाइट (नाबाद 26) के साथ मिलकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले आस्ट्रेलिया और अब इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की स्पिनरों को खेलने की कमजोरी खुलकर सामने आई। देविका वैद्य (11) और मंदाना ने पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े लेकिन अनुभवी कप्तान मिताली राज (चार), हरमनप्रीत कौर (तीन) और वेदा कृष्णमूर्ति (नौ) के जल्दी आउट होने के कारण भारतीय पारी बिखर गई। भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 81 रन था, लेकिन दीप्ति शर्मा के प्रयासों से वह तिहरे अंक में पहुंचने में सफल रहा। निचले क्रम में झूलन गोस्वामी ने छह और पूनम यादव ने दो रन बनाए।

नारायण की पारी मैच का टर्निंग प्वाइंट थी : मनदीप

कोलकाता, 9 अप्रैल (भाषा)।

रायल चैलेंजर्स बेंगलूर के बल्लेबाज मनदीप सिंह ने कहा कि सुनील नारायण के आक्रामक अर्धशतक ने उनकी टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आइपीएल के पहले मैच में जीत से वंचित कर दिया। नारायण ने 19 गेंद में 50 रन बनाकर केकेआर को जीत दिलाई।

मनदीप ने कहा, 'निश्चित तौर पर टर्निंग प्वाइंट नारायण की पारी थी। पहले छह ओवर में इस तरह की शुरुआत मिलने के बाद मैच 50 प्रतिशत कब्जे में आ जाता है। इसके बाद बाकी बल्लेबाजों के लिए करने को कुछ नहीं बचता।' 18 गेंद में 37 रन बनाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, 'हम 10-15 रन पीछे रह गए। हमारा लक्ष्य 175-180 रन था। हम यदि उतने रन बना लेते तो बेहतर दबाव बना सकते थे।' उन्होंने स्वीकार किया कि गेंदबाजी में टीम कमजोर पड़ गई। उन्होंने कहा, 'हमारे पास गेंदबाजी के पांच विकल्प थे। शायद टीम प्रबंधन पवन नेगी के नाम पर विचार करेगी। लेकिन मैं फिर कहूंगा कि मैच का फैसला पहले छह ओवर में ही हो गया था वरना हमारे गेंदबाजों का प्रदर्शन उतना बुरा नहीं था।' एबी डिविलियर्स और आरसीबी के कप्तान विराट कोहली को लगातार दो गेंदों पर आउट करने वाले अनियमित स्पिनर नीतिश राणा ने कहा, 'मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं था। मुझे अच्छी पकड़ मिल रही थी।

पीसीबी अधिकारियों को भारत में आइसीसी बैठक के लिए मिला वीजा

कराची, 9 अप्रैल (भाषा)।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन नजम सेठी और मुख्य संचालन अधिकारी सुभान अहमद को कोलकाता में 22 अप्रैल को होने वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की बैठक में भाग लेने के लिए वीजा जारी कर दिया गया है। आशंका जताई जा रही थी कि पीसीबी अधिकारियों को आइसीसी बैठक के लिए भारतीय वीजा हासिल करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा लेकिन आइसीसी और बीसीसीआइ के सहयोग के बाद इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग ने वीजा जारी कर दिया।

सरकार समाज को बांट रही है : शरद

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (भाषा)।

वरिष्ठ समाजवादी नेता शरद यादव ने आजादी के 70 साल बाद भी देश में दलित और अन्य कमजोर समुदायों के लोगों में असुरक्षा का भाव होने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार समाज को बांटने का काम कर रही है।

दलित समुदाय के लोगों पर हो रहे हमलों के विरोध में यहां आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि पिछले चार सालों में कमजोर और उपेक्षित वर्ग के लोगों पर अत्याचार में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण हालात बदतर हुए हैं। उन्होंने सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के हवाले से कहा कि औसतन हर 15 मिनट में दलित के खिलाफ कोई न कोई अपराध हो रहा है और एक दिन में छह दलित महिलाएं बलात्कार की शिकार हो रही हैं।

इसी तरह औसतन दो दलितों की प्रतिदिन हत्या और 11 दलितों के साथ मारपीट की वारदात हो रही है। उन्होंने कहा कि दलितों के घरों को जलाया जाना और शादी के जश्न में दलितों की बारात ऊंची जाति के लोगों के घर के सामने से नहीं निकालने देने की घटनाएं बताती हैं कि दलितों के साथ मनुष्यों जैसा बर्ताव नहीं हो रहा है। उन्होंने इसे बेहद शर्मनाक बताते हुए इसके लिए भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र और विभिन्न राज्यों की सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। यादव ने कहा कि सभ्य समाज में यह स्थिति कतई स्वीकार्य नहीं है।

अरुण जेटली की डायलिसिस हुई, एम्स से छुट्टी मिली

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (भाषा)।

किडनी की समस्या से जूझ रहे वित्त मंत्री अरुण जेटली की सोमवार एम्स में डायलिसिस हुई और कुछ घंटे तक निगरानी में रखने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जेटली के परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि 65 वर्षीय केंद्रीय मंत्री का कोई प्रत्यारोपण नहीं किया गया और उन्हें डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वे डायलिसिस और दवाओं से बेहतर हो सकते हैं। उन्हें शुक्रवार शाम को एम्स में भर्ती कराया गया था। डायलिसिस के लिए ले जाने से पहले डॉक्टरों ने जेटली को दो दिन तक निगरानी में रखा। उन्होंने यह देखने के लिए कुछ वक्त इंतजार करने का फैसला किया है कि किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी जरूरी है या नहीं। संक्रमण के जोखिम की वजह से जेटली को नियंत्रित माहौल में रखा जाएगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि जेटली दफ्तर जाना कब शुरू करेंगे। वे पिछले सोमवार से दफ्तर नहीं आ रहे हैं। वे राज्यसभा में पुनर्निर्वाचित होने के बाद शपथ भी नहीं ले सके हैं। हालांकि एम्स के सूत्रों ने कहा कि वे निगरानी में हैं और जल्द उनका किडनी प्रत्यारोपण हो सकता है।65 वर्षीय जेटली की पिछले कुछ दिन में कई मेडिकल जांच की गईं। जेटली को डायबिटीज की समस्या है और वे किडनी संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं।

वे अपोलो अस्पताल के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ संदीप गुलेरिया की देखरेख में हैं जो एम्स के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया के भाई हैं। रणदीप गुलेरिया और जेटली पारिवारिक मित्र हैं। जेटली ने 10वें भारत-ब्रिटेन

आर्थिक और वित्तीय संवाद में शामिल होने के लिए लंदन जाने का अपना कार्यक्रम निरस्त कर दिया था। उन्होंने गुरुवार को ट्वीट कर अपनी बीमारी की पुष्टि की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, किडनी संबंधी समस्याओं और कुछ संक्रमणों के लिए मेरा इलाज चल रहा है। जेटली ने बीमारी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा, लेकिन बताया था कि वे फिलहाल घर में नियंत्रित वातावरण में काम कर रहे हैं। लंबे समय से डायबिटीज की समस्या के चलते बढ़ रहे वजन की वजह से सितंबर 2014 में जेटली ने बेरियाट्रिक सर्जरी कराई थी। पहले यह सर्जरी मैक्स अस्पताल में की गई थी, लेकिन उन्हें बाद में जटिलताओं की वजह से एम्स में भर्ती कराया गया था। कई साल पहले जेटली की हार्ट सर्जरी भी की जा चुकी है।

जम्मू-कश्मीर में 11 पुलिस अधीक्षकों के तबादले

जम्मू, 9 अप्रैल (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर में सोमवार को 11 पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया। इनमें यातायात पुलिस के तीन अधिकारी शामिल हैं।

जम्मू में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात नगर) निशा नथयाल, कश्मीर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण) एजाज अहमद भट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात श्रीनगर) मुजफ्फर अहमद शाह और जम्मू में पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण) शाहीन वाहिद को बटालियनों में कमांडेंट और उप कमांडेंट के पदों पर तैनात किया गया है।

स्थानांतरण आदेश में कहा गया है कि निशा को भारतीय रिजर्व पुलिस (आइआरपी) की 10वीं बटालियन में कमांडेंट के तौर पर तैनाती दी गई है जबकि भट को आइआरपी की 13वीं बटालियन में कमांडेंट के तौर पर तैनात किया गया है।

शाह को पुलिस अधीक्षक कश्मीर (यातायात ग्रामीण) के पद पर तैनात किया गया है जबकि जम्मू में पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण) शाहीन को आइआरपी की 24वीं बटालियन में उप कमांडेंट बनाया गया है।

आदेश में बताया गया है कि रामबन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुश्ताक अहमद को जम्मू में ग्रामीण यातायात के पुलिस अधीक्षक पद पर तैनाती दी गई है जबकि आइआरपी की 16वीं बटालियन में उप कमांडेंट मुबाशिर हुसैन को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीनगर (शहर यातायात) बनाया गया है।

जम्मू विश्वविद्यालय के छात्र बैठे आमरण अनशन पर

जम्मू, 9 अप्रैल (भाषा)।

जम्मू विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में सोमवार से आमरण अनशन शुरू किया।

इसके कुछ दिन पहले ही अधिकारियों ने पांच छात्रों का निलंबन रद्द कर दिया था और उनकी मांगों पर विचार किया था। विश्वविद्यालय परिसर में दर्जनों छात्रों ने धरना दिया और अपनी मांगों के पूरा होने तक आमरण अनशन की बात कही। विश्वविद्यालय के एक छात्र अभिनंदन शर्मा ने कहा, ' हम अपनी मांगों के समर्थन में 19 दिनों से चली आ रही अपनी हड़ताल जारी रख रहे हैं। हमने आमरण अनशन शुरू किया है और जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी मांगों पर सकारात्मक रूख नहीं दिखाता हम पीछे नहीं हटेंगे।'

छात्र विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना और दूसरी सुविधाओं में बदलाव की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं।

बुजुर्ग ने 11वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या की

जयपुर, 9 अप्रैल (भाषा)।

जयपुर आयुक्तालय के मुहाना थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बुजुर्ग ने अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली।

पुलिस जांच अधिकारी मूलचंद ने बताया कि मंगलम आरोमा अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल पर रहने वाले ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव (64) ने छलांग लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच, सीसीटीवी फुटेज और परिजनों से पूछताछ में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। अधिकारी ने बताया कि डेयरी विभाग से सेवानिवृत्त श्रीवास्तव अपनी पत्नी व बेटा-बहू के साथ अपार्टमेंट के फ्लैट में रह रहा था। घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूर्वोत्तर राज्यों में झूम खेती की वजह से घट रहा वन क्षेत्र

नई दिल्ली, 9 अप्रैल (भाषा)।

देश के सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले पूर्वोत्तर राज्यों में झूम खेती (शिफ्टिंग कल्टीवेशन) और अन्य जैविक दबावों के कारण वन क्षेत्र में लगातार कमी आ रही है।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से संबंधित संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट में पूर्वोत्तर राज्यों के वन क्षेत्र में गिरावट पर चिंता जताते हुए सरकार से सतत कृषि विकास संसाधनों को प्रचलन में लाने सहित अन्य कारगर उपायों को लागू करने की सिफारिश की है। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने उच्च सदन में पेश रिपोर्ट में 65 फीसद से अधिक वनाच्छादित क्षेत्रफल वाले पूर्वोत्तर राज्यों के वन क्षेत्र में गिरावट को चिंताजनक बताया है। समिति की ओर से पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यावरण के लिए उत्पन्न चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर मंत्रालय ने भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में 171306 वर्ग किमी (65.34 फीसद) क्षेत्रफल वनाच्छादित है। मंत्रालय ने माना कि पिछले दो सालों में इस इलाके के वन क्षेत्र में 630 वर्ग किमी की कमी आई है। मंत्रालय ने इसकी वजह झूम खेती के प्रचलन और अन्य जैविक दबावों में बढ़ोतरी को बताया है। इसे रोकने के उपायों के बारे में मंत्रालय ने समिति को बताया कि ग्रामीण इलाकों के तटीय वन क्षेत्र में आग लगाकर खेती योग्य जमीन बनाने की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए भारतीय वन सर्वेक्षण उपग्रह आधारित चेतावनी प्रणाली के जरिए स्थानीय वन विभागों को लगातार चेतावनी जारी करता है ताकि वन क्षेत्र को नष्ट करने से रोका जा सके।

इसके अलावा राष्ट्रीय वानिकीकरण योजना, हरित भारत अभियान सहित अन्य केंद्रीय योजनाओं की मदद से वन क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा भी दिया जा रहा है।

भारत सीड्स लिमिटेड
CIN: L34300DL1986PLC023540
पंजी. कार्यालयः 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
Phones: +91 9643339870-4/ 9810808631
Fax: 0124-2341188
E-mail: seats@vsnl.net
WEBSITE: www.bharatseats.com

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक बैठक गुरुवार, 19 अप्रैल, 2018 को आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे तथा लाभांश, यदि कोई हो, की सिफारिश की जाएगी।
उपरोक्त जानकारी वेबसाईटः www.bharatseats.com तथा www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

भारत सीड्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
स्थानः गुरुग्राम — रीतू बक्शी
तिथिः 9 अप्रैल, 2018 — कम्पनी सचिव

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that the following sub broker/s is no longer affiliated as sub-broker of SMC Global Securities Ltd., BSE REG. NO. INB011343937 (Previously SAM Global Sec. Ltd. (INB011107332) & NSE Reg. No. INB/F230771431 trading member of Bombay Stock Exchange of India Ltd. & National Stock Exchange of India Ltd. & Smc Comtrade Ltd. MCX Reg No.-INZ000035839, trading Member of Multi Commodity Exchange Ltd. having the registered office at 11/6B, Shanti Chamber, Pusa Road, New Delhi- 110 005. Any person henceforth dealing with below mentioned sub-broker/s should do so at their own risk. SMC Global Securities Ltd and SMC Comtrade Ltd. shall not be liable for any dealings with them.

Sub-Broker Trade Name : SHRUTI SHARMA
BSE AP Reg. No. : AP0104700163393, DATE : 31-03-2017
NSE AP Reg. No. : AP0820107401, DATE : 30-03-2017
MCX AP Reg. No. : MCX/AP/108146, DATE :17-04-2017
Reg. Office Address : H No.-703, Palash, Shiristi Apartment, 7th Floor, Building No-2, Shipra Sun C, Indirapuram, Ghaziabad, UP-201014

CORRIGENDUM TO THE PUBLIC ANNOUNCEMENT DATED MARCH 24, 2018 FOR THE ATTENTION OF THE SHAREHOLDERS OF
TIRRIHANNAH COMPANY LIMITED
(CIN: L65993WB1908PLC001838)
REGD. OFFICE: 5, KIRAN SHANKAR ROY ROAD, KOLKATA - 700001, WEST BENGAL, INDIA,
TEL NO.: +91 33 2248-7093, +91 33 2343 0875, Email ID: tirrihannah.co@gmail.com

OPEN OFFER FOR ACQUISITION OF UP TO 6,37,375 (SIX LAKHS THIRTY SEVEN THOUSAND THREE HUNDRED SEVENTY FIVE) FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF RS. 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF TIRRIHANNAH COMPANY LIMITED ("TARGET COMPANY" OR "TCL") FROM THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF THE TARGET COMPANY BY MR. GHANSHYAM DAS KANKANI (HEREINAFTER REFERRED TO AS "ACQUIRER") ALONG WITH MR. AVINASH KANKANI, MR. ABHAY BAHETI, MRS. MADHU LATA KANKANI, MRS. LAKSHMI BAHETI, MR. UMESH KANKANI, NORTH BENGAL DAIRY FARMING LIMITED (FORMERLY KNOWN AS SPARTON LEASING AND FINANCE LIMITED), NJP PESTICIDES PVT. LTD. (FORMERLY KNOWN AS DWARIKA INVESTMENT PVT. LTD.), KAMAAN INNOVATIVE SOLUTIONS PVT. LTD.(FORMERLY KNOWN AS BAGDOGRA BIO GAS & ENERGY PVT. LTD. AND ERSTWHILE NAME KORAPUT INVESTMENTS PVT. LTD.) AND KAMRUP MANURES & FERTILISERS LIMITED (FORMERLY KNOWN AS WESTERN INDIA CEMENTS LTD.) (HEREIN AFTER COLLECTIVELY REFERRED TO AS THE "PACS") (THE "OFFER"/"OPEN OFFER")

This Corrigendum to Public Announcement ('Corrigendum') is being issued by Gretex Corporate Services Private Limited ("Manager to the Offer"), on behalf of Acquirer and PACs in respect of the Open Offer to the equity shareholders of Tirrihannah Company Limited (hereinafter referred to as "Target Company" or "TCL") pursuant to Regulation 11(2) and other applicable provisions as required under the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares & Takeovers) Regulations, 1997 pursuant to change in the schedule of some of the major activities relating to the offer as on the date of Public Announcement. The shareholders of the Target Company are requested to note the following with respect to the Public Announcement.

1. The Original and Revised Schedule of some of the major activities pertaining to the Offer is as under:

Activities	Original Date	Original Day	Revised Date	Revised Day
Date of Public Announcement	24.03.2018	Saturday	24.03.2018	Saturday
Specified date (for the purpose of determining the names of shareholders to whom the Letter of Offer will be sent)	17.04.2018	Tuesday	17.04.2018	Tuesday
Last date of Competitive Bid, if any	25.04.2018	Wednesday	25.04.2018	Wednesday
Date by which the Letter of Offer will be dispatched to the shareholders	04.05.2018	Friday	04.05.2018	Friday
Date of Opening of the Offer	12.05.2018	Saturday	12.05.2018	Saturday
Last date for revising the Offer Price / No. of Shares	23.05.2018	Wednesday	22.05.2018	Tuesday
Last Date for withdrawal of acceptance by shareholders who have accepted the Offer	30.05.2018	Wednesday	28.05.2018	Monday
Date of Closing of the Offer	02.06.2018	Saturday	31.05.2018	Thursday
Date of communicating rejection / acceptance and payment of consideration for applications accepted.	08.06.2018	Friday	05.06.2018	Tuesday

2. All other terms and conditions of the Offer remain unchanged. The Acquirer and PACs accept full responsibility for the information contained in this Corrigendum to Public Announcement and also accept responsibility for the obligations of the Acquirer and PACs laid down under the Regulations.

3. This Corrigendum to the PA would also be available on the SEBI website at http://www.sebi.gov.in.

Issued by Manager to the Offer on behalf of the Acquirer and PACs:

Manager to the offer:
Gretex Corporate Services Private Limited
(Contact Person: Mr. Goutam Seal)
Registered Office: Office No.102, 1st Floor, Kanakia Atrium-2, Chakala Andheri Kurla Road, Behind Courtyard Marriot, Mumbai - 400 093.
Branch Office: 90, Phears Lane, 5th Floor, Kolkata-700 012.
Tel: + 91 33 4006 9278
Email : info@gretexgroup.com
Website: www.gretexcorporate.com

Place: Kolkata
Date: 10.04.2018

bharti **भारती एयरटेल लिमिटेड** airtel
CIN: L74899DL1995PLC070609
पंजी.कार्यालयः भारती क्रसेन्ट, 1 नेल्सन मंडेला रोड, वसंतकुंज, फेज-II, नई दिल्ली
टेलीः+91-11-4666 6100 फैक्सः +91-11-4166 6137
ईमेल आईडीः compliance.officer@bharti.in वेबसाईटः www.airtel.com

डाक मत-पत्र/ई-मतदान की सूचना

एतद्द्वारा, कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 तथा कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 (किसी सांविधिक संशोधन या उसका लागू कानून सहित) और अन्य लागू विधानों, नियमों एवं विनियमों, यदि कोई हो, के अनुसरण में डाक मत-पत्र/इलेक्ट्रॉनिक मतदान ("**सूचना**"), दिनांक 12 मार्च, 2018 में वर्णित मामलों पर डाक मत-पत्र/इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (**ई-मतदान**) के माध्यम से विशेष प्रस्ताव द्वारा भारती एयरटेल लिमिटेड ("**कम्पनी**") के सदस्यों की सहमति के लिए सूचना दी जाती है। उपरोक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.airtel.com, कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड ("**कार्वी**") कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("**आरटीए**") की वेबसाइट http//evoting.karvy.com, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइट wwww.nseindia.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट wwww.bseindia.com पर उपलब्ध है।

क) कम्पनी ने सदस्यों को डाक/ई-मेल (जैसा लागू हो) के माध्यम से मसौदा विशेष प्रस्ताव, व्याख्यात्मक विवरण सहित डाक मत-पत्र सूचना, डाक मत प्रपत्र ("**फॉर्म**"), ई-मतदान यूजर आईडी तथा पासवर्ड तथा एक स्व-पता लिखा डाक पूर्व-भुगतान किया हुआ व्यवसाय उत्तर लिफाफा का प्रेषण 09 अप्रैल, 2018 को पूर्ण कर लिया है।

ख) कम्पनी को सूचना दिनांक 12 मार्च, 2018 में वर्णित कारोबार पर कार्वी के माध्यम से सदस्यों को ई-मतदान सुविधा उपलब्ध कराते हुए प्रसन्नता हो रही है। ई-मतदान पर विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए, सदस्यों के मतदान करने से पूर्व डाक मत-पत्र के ऊपर मुद्रित दिशा-निर्देशों/टिप्पणियां देखने का अनुरोध किया जाता है। सूचना को उन सभी सदस्यों को भेजी जा रही है जिनका नाम शुक्रवार, 30 मार्च, 2018 ("**निर्देशित तिथि**") को निपेक्षागारों द्वारा अनुरक्षित सदस्यों/लाभार्थी स्थिति के रजिस्टर में अंकित है। जो व्यक्ति रिकॉर्ड तिथि पर सदस्य नहीं हैं, उसके लिए यह सूचना केवल सूचनार्थ मानी जाएगी।

ग) डाक मत-पत्र द्वारा मतदान एवं ई-मतदान अवधि का प्रारंभ मंगलवार, 10 अप्रैल, 2018 को प्रातः 9:00 बजे शुरू होगी तथा समाप्ति बुधवार, 09 मई, 2018 को सायं 5:00 बजे होगी।

घ) सदस्यों द्वारा कोई भी डाक मत-पत्र जो कि उपरोक्त वर्णित समय बुधवार, 09 मई, 2018 को सायं 5:00 बजे के बाद सदस्यों से प्राप्त होता है अवैध माना जाएगा, तथा उपरोक्त तिथि एवं समय के बाद मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ड.) वे सदस्य जो कि प्रपत्र नहीं प्राप्त किए हैं तथा डुप्लीकेट प्रपत्र प्राप्त करने के इच्छुक हैं, वे इसे लिंक http//evoting.karvy.com या कम्पनी की वेबसाइट www.airtel.com से डाउनलोड कर सकते हैं या अन्य दस्तावेजों सहित डुप्लीकेट प्रपत्र कम्पनी के आरटीए से प्राप्त कर सकते हैं।

च) इलेक्ट्रॉनिक मतदान सहित मतदान से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिए, सदस्य कार्वी वेबसाइट http//evoting.karvy.com पर डाउनलोड सेक्सन पर उपलब्ध सहायक एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (**एफएक्यू**) सेक्सन देख सकते हैं या कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राईवेट लिमिटेड के अधिकारी श्री रमेश देसाई (यूनिटः भारती एयरटेल लिमिटेड) से ई-मेल evoting@karvy.com अथवा फोन नं. 040-67162222 या कार्वी के टोल फ्री नं. 1-8000-34-54-001 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

छ) डाक मत-पत्र का परिणाम, शुक्रवार, 11 मई, 2018 को सायं 5:00 बजे या इससे पूर्व कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय पर घोषित किया जाएगा। स्क्रूटीनाइजर की रिपोर्ट सहित कथित परिणाम का प्रदर्शन कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय, कम्पनी की वेबसाइट www.airtel.com तथा कार्वी की वेबसाइट http//evoting.karvy.com पर प्रदर्शित की जाएगी तथा परिणाम उन स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किए जाएंगे जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध है।

भारती एयरटेल लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
स्थानः नई दिल्ली — पंकज तिवारी
तिथिः 09 अप्रैल, 2018 — कम्पनी सचिव

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
कैन फिन होम्स लि.
प्रथम तल, डीपी-11, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लैक्स
केनरा बैंक के ऊपर, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034

(देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत कैन फिन होम्स लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में एवं उक्त अधिनियम तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 1.2.2018 जारी कर ऋणधारकों 1) श्री प्रेम कुमार, पुत्र श्री राम प्रकाश, वर्तमान निवासी 49/11, प्रथम तल, अशोक नगर, दिल्ली तथा गारन्टर सुश्री महिमा सधाना, पुत्री श्री अनिल कुमार को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 23,60,525/- (रुपए तेईस लाख साठ हजार पांच सौ पच्चीस मात्र) तथा 01.02.2018 से अंतिम भुगतान की तिथि तक ब्याज तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।
ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 05 अप्रैल, 2018 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 23,60,525/- (रुपए तेईस लाख साठ हजार पांच सौ पच्चीस मात्र) तथा उस पर आगे के ब्याज तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज के लिए कैन फिन होम्स लि. (सीएफएचएल) के चार्ज के अधीन होगा।

गिरवी रखी गई सम्पत्ति की अनुसूची

आवासीय सम्पत्ति, प्रथम तल, प्लॉट नं. 520, पॉकेट-1, मादीपुर, पश्चिमपुरी, नई दिल्ली का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः प्रवेश; दक्षिणः सड़क, पूर्वः फ्लैट नं. 519, पश्चिमः फ्लैट नं. 521

तिथिः 05.04.2018 — (हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः दिल्ली — कैन फिन होम्स लि., पीतमपुरा, नई दिल्ली

पंजी कार्यालयः 29/1, प्रथम तल, सर एम.एन.के. राव रोड, बसाबनगुडी, बैंगलौर- 560004,
CIN: L85110KA1987PLC008699, वेबसाईटः www.canfinhomes.com

कार्पोरेशन बैंक **कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति के लिए) [Rule - 8(1)]
आंचलिक कार्यालय, आर.पी.जी. टॉवर, 495/1, मंगल पांडे नगर, मेरठ-250001

यद्यपि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुनर्संरचना तथा प्रतिभूति ब्याज का प्रभावीकरण अधिनियम 2002 के अन्तर्गत तथा प्रतिभूति ब्याज (प्रभावीकरण) नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(02) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने विभिन्न बकायेदार ऋणियों एवं गारन्टरों को नोटिस में वर्णित राशि, नोटिस प्राप्ति के 60 (साठ) दिनों के अन्दर अदा करने हेतु मांग नोटिस जारी की थी। ऋणियों एवं गारन्टरों के द्वारा इस राशि की अदायगी में विफल रहने पर एतद्द्वारा आम जनता को एवं ऋणी व गारन्टर को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (4) एवं नियमों के उपनियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा उनके सम्मुख अंकित तिथि को कर लिया है। एतद्द्वारा ऋणियों / गारन्टरों को विशेषतः और जन साधारण को सामान्यतः सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर लिया गया है अतः इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई सौदा / व्यवहार बैंक के अतिरिक्त अन्य किसी से न करें एवं ऐसा कोई भी सौदा / व्यवहार कार्पोरेशन बैंक को देय राशि व सम्बन्धित ब्याज हेतु जैसा कि नीचे खाते के सम्मुख उल्लेखित किया गया है के अध्याधीन होगा।

शाखा का नाम	ऋणी और जमानती के नाम	बंधक रखी गयी सम्पत्ति का विवरण	कब्जा नोटिस की तारीख	मांग नोटिस की तारीख	मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि
कार्पोरेशन बैंक, मुख्य शाखा मेरठ बेगम ब्रिज, मेरठ 250001 (उ.प्र.)	(क) मैसर्स राहुल टैक्सटाईल्स प्रो. मधु वर्मा (मधु बाला), दुकान नं. 11, पंडित प्रहलाद कॉम्पलेक्स, सुभाष बाजार, कोतवाली, मेरठ - 250001 (उ.प्र.)। (ख) श्रीमती मधु वर्मा (मधु बाला) पत्नी श्री विजय कुमार वर्मा, 23 कृष्णा पाड़ा (निकट कोतवाली), सुभाष बाजार, मेरठ। गारंटर :- श्री विजय कुमार वर्मा, 23 कृष्णा पाड़ा (निकट कोतवाली), सुभाष बाजार, मेरठ।	सम्पत्ति कृष्णा पाड़ा, मेरठ (उ.प्र.) स्थित मकान के प्रथम तल पर निर्मित भाग है। इस मकान का म्यूनिसिपल नं. 23 तथा पुराना नं. 43, 44 एवं 45 है। सम्पत्ति का क्षेत्रफल 29.26 वर्ग मीटर है। टाईटल डीड दिनांक 08-02-2010 के अनुसार सम्पत्ति की सीमायें इस प्रकार हैं :- पूरब - मकान, श्री मोहित रस्तोगी, पश्चिम - सीढ़ी, तदोपरान्त रोड, उत्तर - रोड, दक्षिण - मकान, श्री अशोक कुमार। (स्वामिनी :- श्रीमती मधु वर्मा उर्फ मधु बाला)	04.04.2018	17.01.2018	रु. 5,00,795.00 तथा ब्याज व अन्य खर्चे

दिनांक : 09.04.2018 स्थान : मेरठ प्राधिकृत अधिकारी